## उन्नाव व वाराणसी में फ्लिपकार्ट के वेयरहाउस का सीएम ने किया उद्घाटन, बोले

# ई-कामर्स प्लेटफार्म नए युग की शुरुआत

राब्यू, जागरण, लखनऊः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फ्लिपकार्ट के उन्नाव व वाराणसी स्थित वेयरहाउस का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ई-कामर्स प्लेटफार्म नए युग की शुरुआत है। हमने डिजाइन, तकनीक, मार्केट सहित विभिन्न पहलुओं पर कार्य करके पैकेजिंग और एक्सपोर्ट पर फोकस किया, लेकिन इसको और गति देने का कार्य तब हुआ, जब फ्लिपकार्ट हमारे साथ जुड़ा। ई-कामर्स प्लेटफार्म के रूप में जब उसने सेवाएं देनी प्रारंभ की तो ओडीओपी योजना ने न केवल प्रदेश बल्कि देश व दुनिया में प्रसिद्धि पाई। ई-कामर्स स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दे रहा है और इसके जरिये लोगों को दुनिया के किसी भी बाजार तक अपने उत्पाद पहुंचाने का सामर्थ्य प्राप्त हुआ है।

लोकभवन में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में वेयरहाउसिंग नीति का लाभ लेकर कंपनियों को इस क्षेत्र में असीम संभावनाओं पर कार्य करना चाहिए। प्रदेश में एमएसएमई का आधार आज से नहीं बल्कि वर्षों से है, लेकिन इसे कोई प्रोत्साहन नहीं था। 2017 में जब हमारी सरकार बनी तो हमने वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) के रूप में प्रोत्साहन देना प्रारंभ किया। दुनिया के किसी भी बाजार तक अपने उत्पाद को पहुंचाने का कार्य पहले कठिन था मगर आज तकनीक ने इसे आसान बना दिया है। वेयरहाउस होने के कारण आप अच्छी सेवाएं दे पाते हैं। इससे कालाबजारी भी थमेगी क्योंकि इससे बाजार का एकाधिकार टूटता है। साथ ही, किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी नहीं होगी। यह प्लेटफार्म कितना प्रभावी है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इस माध्यम से हम एक जगह से देश व दुनिया भर में अपने उत्पाद पहुंचा सकते हैं। योगी ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के माध्यम से हम 10 लाख नए उद्यमों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। फ्लिपकार्ट अब एक विश्वास के रूप में उनके उत्पाद को बाजार में पहुंचाने का कार्य करेगा। ये दोनों वेयरहाउस का लोकार्पण इस दिशा में एक प्रमाणित आश्वासन है। यह नए रोजगार के सृजन के साथ उत्तर प्रदेश के उद्यमियों के मन में नया विश्वास उत्पन्न करने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम में औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री राकेश सचान, औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जसवंत सैनी, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव एमएसएमई आलोक कुमार, इन्वेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश तथा फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कारपोरेट अफेयर्स अफसर रजनीश कुमार व अन्य मौजूद थे।



लोक भवन में फ्लिपकार्ट के उन्नाव व वाराणसी वेयरहाउस का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी, एमएसएमई व खादी ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान व अन्य • सूचना विभाग

## मुख्यमंत्री ने पैरा ओलिंपिक में पदक विजेताओं को दी बधाई

राब्यू, जागरण, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी ने पेरिस पैरा ओलिंपिक में 10 मीटर एयर रायफल स्टैंडिंग स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतने वाली पैरा शूटर अवनि लेखरा, कास्य पदक विजेता मोना अग्रवाल और 10 मीटर एयर पिस्टल (एसएच 1) स्पर्धा में रजत पदक जीतने पर मनीष नरवाल को बधाई दी।